भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3202
मंगलवार, 08 अगस्त, 2023/श्रावण17, 1945 (शक) को उत्तरार्थ

युवा सहकार उद्यम सहयोग और नवाचार योजना

†3202. श्रीमती संगीता आज़ादः

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश राज्य में युवा सहकार उद्यम सहयोग एवं नवाचार योजना कार्यान्वित कर रही है;
(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश में इस योजना से अब तक लाभान्वित हुए सभी स्टार्ट-अपों की सूची क्या है और इसके लिए जिला-वार कितनी धनराशि संवितरित की गई है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): जी हाँ मान्यवर, "युवा सहकार - सहकारी उद्यम सहायता और नवाचार योजना 2019" भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में लागू किया जा रहा है। यह योजना पूर्ण रूप से एनसीडीसी द्वारा वित्त पोषित और समर्थित है।

(ख): इस योजना के तहत, एनसीडीसी ने उत्तर प्रदेश राज्य में अब तक, मशरूम प्रसंस्करण इकाई के लिए कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने हेतु कृषक उत्पादक संगठन और औद्योगिक विपदान सहकारी समिति लिमिटेड, टिकरी, काशी विद्यापीठ, वाराणसी को 20.00 लाख रुपए की मंजूरी दी है और 15.00 लाख रुपए जारी किए हैं।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****